यूटीयू : दो वर्षों के फेल छात्रों को समर सेमेस्टर की परीक्षा देकर उत्तीर्ण होने का मिला अवसर

जागरण संवाददाता, देहरादून : वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी (यूटीयू) ने वर्ष 2022-23 और वर्ष 2023-24 के अलग-अलग कारणों से फेल हुए छात्रों को समर सेमेस्टर परीक्षा देकर पास होने का अवसर दिया है। ऐसे छात्रों को केवल जून में अपने-अपने संस्थानों में समर सेमेस्टर कक्षाओं में पढ़ाई करनी होगी और फिर 15 जुलाई से प्रारंभ होने वाली समर सेमेस्टर परीक्षा में शामिल होकर परीक्षा देनी होगी। इस कवायद के पीछे विवि का उद्देश्य छात्रों का साल बर्बाद होने से बचाना है। ऐसे छात्रों की संख्या तीन हजार से अधिक हो सकती है।

- 15 से 30 जुलाई के बीच आयोजित की जाएंगी समर सेमेस्टर की परीक्षाएं
- न्यूनतम क्रेडिट प्राप्त न करने वाले व उपस्थिति के कारण परीक्षा से वंचित छात्र होंगे पात्र



यूटीयू से संबद्ध संस्थानों के पिछले दो वर्षों में निर्धारित न्यूनतम क्रेडिट से कम प्राप्त करने वाले और उपस्थिति कम होने के कारण परीक्षा से वंचित छात्र-छात्राओं को समर सेमेस्टर कक्षाओं और फिर परीक्षा में शामिल किया जाएगा। परीक्षा 15 से 30 जुलाई के बीच आयोजित करना प्रस्तावित है। विवि अध्यादेश के प्रविधान के अनुसार छात्र-छात्राओं का साल बर्बाद होने से बचाने के लिए यह प्रक्रिया अपनाई जा रही है। इसका सभी संस्थान शत प्रतिशत पालन करें।

– **प्रो. ओंकार सिंह,** कुलपति यूटीयू

विवि के परीक्षा नियंत्रक डा. वीके पटेल ने यूटीयू से संबद्ध सभी कैंपस संस्थान, राजकीय और स्ववित्तपोषित संस्थानों के प्राचार्य/निदेशकों को पत्र भेजा है। बताया कि विवि का अध्यादेश के अनुसार, 75 प्रतिशत उपस्थिति जरूरी है, लेकिन कुछ छात्रों की उपस्थिति बेहद कम पाई गई थी, ऐसे छात्रों को इस वर्ष सम सेमेस्टर परीक्षा से वंचित रखा गया। इसके अलावा पिछले वर्ष प्रथम एवं द्वितीय सेमेस्टर में आवश्यक न्यूनतम क्रेडिट प्राप्त करने में असफल छात्र-छात्राएं समर सेमेस्टर परीक्षा का लाभ ले सकते हैं।

यूएमएस में पंजीकरण करने वाले छात्र होंगे पात्र: समर सेमेस्टर परीक्षा का लाभ लेने वाले छात्र-छात्रांओं को कक्षाएं पढ़ने के अलावा यूनिवर्सिटी मैनेजमेंट सिस्टम (यूएमएस) में पंजीकरण करना होगा और बताना होगा कि संबंधित छात्र इन विषयों में फेल है और उसके इस सेमेस्टर में न्यूनतम क्रेडिट यह प्राप्त हुए हैं। साथ ही वह समर सेमेस्टर कक्षाओं में नियमित उपस्थित होकर परीक्षा की तैयारी कर रहा है। छात्र को विषय आनलाइन निर्धारित प्रति विषय फीस जमा करनी होगी और परीक्षा फार्म भी आनलाइन भरना होगा। यह पूरी जानकारी विवि के पोर्टल पर अललोड करनी होगी।